राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांकः 22.12.2020

आयोग द्वारा **प्राध्यापक (विद्यालय) (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2020** का आयोजन दिनांक 14.12.2020 से 18.12.2020 तक (सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र एक सत्र में प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे एवं 02:00 बजे से सायं 05:00 तक दो–सत्रों में) एवं **सहायक सांख्यिकी अधिकारी (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2020** का आयोजन दिनांक 21.12.2020 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर किया गया।

उक्त परीक्षाओं हेतु दिनांक 23.12.2020 से 01.01.2021 तक अभ्यर्थी का नाम, परीक्षा केन्द्र, फोटो, हस्ताक्षर एवं विषय के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑन लाईन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑन लाईन बैंकिंग के माध्यम से रू. 300/– का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑन लाईन पोर्टल **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध **Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal** का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑन लाईन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षाओं में केवल ऑन लाईन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करे। ऑफ लाईन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तो के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं।

उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 0294–3057541 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव